भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

देहरादून हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन (चरण -II) आज उद्घाटन किया गया

नई दिल्ली, 14 फरवरी , 2024: उत्तराखंड के विमानन परिदृश्य में एक नया अध्याय जोड़ते हुए, देहरादून हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन (चरण- II) का उद्घाटन आज श्री पुष्कर सिंह धामी , मुख्यमंत्री, उत्तराखंड और श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया , माननीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्रीद्वारा किया गया। यह समारोह संसद सदस्य (लोकसभा) डॉ. रमेश पोखरियाल ' निशंक; श्री नरेश बंसल, संसद सदस्य (राज्यसभा) और श्री बृजभूषण गैरोला , विधान सभा सदस्य की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ ।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) ने देश में हवाई अड्डे की अवसंरचना को उन्नत करने के अपने निरंतर प्रयास में, उत्तराखंड के देहरादून हवाई अड्डे पर दो चरणों में रुपये 486 करोड़ की अनुमानित लागत से नए टर्मिनल भवन का निर्माण किया है।28,729 वर्गमीटर क्षेत्र के टर्मिनल के पहले चरण के प्रचालन के बाद पुराने टर्मिनल भवन को ध्वस्त कर दिया गया। दूसरे चरण में 14,047 वर्ग मीटर क्षेत्र में नए टर्मिनल भवन को विकसित किया गया। जिससे हवाई अड्डे के टर्मिनल का समग्र क्षेत्र 42,776 वर्गमीटर बनाया गया। हवाई अड्डा अब व्यस्ततम समय में 3240 यात्रियों और प्रति वर्ष 47 लाख यात्रियों को संभाल सकेगा।

इस अवसर पर, माननीय नागर विमानन और इस्पात मंत्री, श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कहा कि, "टर्मिनल का उद्घाटन हमारे माननीय प्रधान मंत्री के देश के दूरस्थ क्षेत्रों में विमानन सेवाओं के विस्तार के दृष्टिकोण के अनुरूप है जो क्षेत्रीय समृद्धि में नये आयाम स्थापित करेंगे। यह नया टर्मिनल भवन संस्कृति, प्रकृति और आधुनिक वास्तुकला का एक समागम है जो उद्योगों को मजबूती देने के साथ-साथ रोजगार के अधिक अवसरों को सृजित करेगा और क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देंगे।"

हवाईअड्डे के रनवे की लंबाई 2140 मीटर है और कुल 20 पार्किंग बे सहित एक एप्रन है। नया टर्मिनल भवन विभिन्न यात्री सुविधाओं जैसे 48 चेक-इन काउंटर, 04 कन्वेयर बेल्ट, 12 बैगेज एक्सरे मशीनें और 500 कारों हेतु पार्किंग सुविधा से सुसज्जित है । टर्मिनल को दिव्यांगजनों के लिए समावेशी और सुलभ बनाने के लिए भी डिज़ाइन किया गया है । इसमें रैंप, लिफ्ट और विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए शौचालय जैसी सुविधाएं शामिल हैं, जो सभी यात्रियों के लिए आरामदायक और सुगम यात्रा अनुभव सुनिश्चित करती हैं।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि "भारत सरकार लोगों को किफायती हवाई सेवाएं प्रदान करने की दिशा में काम कर रही है। हमारा प्रयास उत्तराखंड में पर्यटकों को हर प्रकार की परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराना है। जॉलीग्रांट हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।''

टर्मिनल के स्तंभ, उत्तराखंड का राजकीय पुष्प " ब्रह्मकमल " से प्रेरित हैं इसे एक विशिष्ट रूप प्रदान करता है। खिले हुए पुष्पों के समान ये स्तंभ रोशनदान की ओर खुलते हैं, जिससे टर्मिनल में प्राकृतिक प्रकाश का प्रवेश होता है। यह न केवल सौंदर्यपूर्ण आकर्षण उत्पन्न करता है बल्कि कृत्रिम प्रकाश की आवश्यकता को कम करके टर्मिनल के संधारणीयता के उपायों में भी योगदान देता है। स्तंभों का सफेद रंग , जो शांति का प्रतीक है , शांतिपूर्ण वातावरण को बढ़ाता है।

देहरादून हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन का निर्माण एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो गढ़वाल क्षेत्र और उत्तराखंड राज्य को कई लाभ पहुंचाने के लिए तत्पर है। नया टर्मिनल इस क्षेत्र में हवाई संपर्कता को अहम रूप से बढ़ाएगा, जिससे यह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों यात्रियों के लिए अधिक सुलभ हो जाएगा । इस बढ़ी हुई पहुंच से क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने की आशा है।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा
विस्तृत विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: महाप्रबंधक
(निगमित संचार)   011-20818228
प्रेस विज्ञप्ति सं: 32/ 2023- 24